एफएलओ की 50 महिलाओं का सबसे बड़ा व्यवसाय शिष्टमंडल भूटान दौरे पर

महिला सशक्तिकरण और आगे के मील के पत्थरों का सफर

नई दिल्ली (दीप शर्मा)। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग संघ (फिक्की) की महिला शाखा है फिक्की लेडीज़ आर्गेनाइजेशन (एफएलओ) जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है जबकि अहमदाबाद, बंगलुरु, चेन्नई, कोयम्बटूर, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लुधियाना, मुंबई, उत्तर पूर्व यानी पूरे भारत में 10 चैप्टर हैं – 3500 से अधिक उद्यमियों और प्रोफेशनल का प्रतिनिधित्व करता है यह संघ। महिलाओं में उद्यमशीलता और उत्कृट पेशाकुशलता को बढ़ावा देने वाला संघ, एफएलओ जमीनी, मध्य एवं उच्च तीनों स्तरों पर महिलाओं का सशक्तिकरण करता है। एफएलओ क्षमता विकास, कौशल प्रोन्नयन, नीतिगत मामलों की वकालत, उद्योग जगत में गोल मेज बैठकों के आयोजन और नेतृत्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण करता है।

स्थानीय सफलता के हौसले के साथ एफएलओ के एक अहम् और अभूतपूर्व प्रयास के तहत अब तक का सबसे बड़ा 50 महिलाओं का व्यवसाय शिष्टमंडल भूटान के दौरे पर जाएगा। एफएलओ अध्यक्षा नीता बूचरा के नेतृत्व में भारत के सभी चैप्टर का प्रतिनिधित्व होगा। शिष्टमंडल में शिक्षा, वस्त्र उद्योग, विधि, रत्न एवं आभूषण, रसायन, पोशाक, कला दीर्घा, सृजनशील लेखन आदि विविध क्षेत्रों की प्रतिनिधि महिलाएं होंगी।

शिष्टमंडल को रवाना करने का समारोह फिक्की हाउस में हुआ जहां शिष्टमंडल की सभी सदस्य महिलाएं एकत्र हुई थीं। शिष्टमंडल में व्यवसाय जगत और समाज की जानी–मानी हस्तियां शामिल हैं।

कथित सभी बैठकों से एक सिनर्जी पैदा करने और भूटान और भारत के बीच मौजूदा सिनर्जी को समझने में मदद मिलेगी जिसके परिणामस्वरूप व्यावसायिक भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही, शिष्टमंडल को थंडर ड्रैगन की धरती को प्रत्यक्ष देखने और सराहने का रोमांच मिलेगा। स्थानीय भूटान वासियों से मिलने और बातचीत करने का अवसर मिलेगा। एफएलओ बीते 3 दशकों में एक ऐसे संगठन के रूप में उभरा है जिसका मुख्य उद्देश्य उद्यमशीलता और उत्कृष्ट प्रबंधन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण है। आज यह राष्ट्र स्तर के सबसे प्रतिष्ठित व्यवसाय संगठनों में एक है।

अपनी अध्यक्षा नीता बूचरा के मार्गदर्शन में एफएलओ ने न केवल अभिनव अवसरों की शुरुआत और संरचना की है बल्कि अपने सदस्यों को एकजुट होने का मंच दिया है जहां वे सामाजिक मुद्दों पर बात कर सकें और विचारों का आदान–प्रदान कर सकें। एफएलओ बहुत–से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शक्तिशाली लोगों से मिलने का सशक्त माध्यम रहा है।

एफएलओ की कुछ खास उपलब्धियां हैं शेरिल सैंडबर्ग, सीओओ, फेसबुक; करीना रोबोलीन, सीता कक्कड़ मेहरा और शिव खेरा से मुलाक़ात, महिला तकनीकी संस्थान के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला, कॉर्पोरेट जगत में महिला पर विचारगोष्ठी, महिला एवं राजनीति, 40 से होती है जिन्दगी शुरू, महिला सुरक्षा पर दिल्ली पुलिस से रू–ब–रू और इला अरुण का एक नाटक आदि।